# न्यायालय जिला कलक्टर बून्दी (राज.)

पीठासीन अधिकारी

अक्षय गोदारा
आई.ए.एस.

| मिसल संख्या | तारीख दायरा | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| मैनुअल नं.122/प्रा.पत्र/2024 ( GCMS No. 2024/186 ) | 14.10.2024 | 27.11.2024 |

राजस्थान सरकार जरिये
तहसीलदार, तालेडा (जिला बून्दी)

– प्रार्थी

बनाम

शंकर पुत्र देवा जाति बैरवा,
निवासी ग्राम पटियाल, तहसील तालेडा, जिला बून्दी।

– अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 14(4) राजस्थान भू राजस्व अधिनियम,1956

उपस्थित–
प्रार्थी की ओर से पेरोकार सरकार।
अप्रार्थी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही।

## निर्णय

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी शंकर पुत्र देवा को किये गये भूमि आवंटन खसरा सं. 1045/103 रकबा 2.4281 हैक्टेयर वाकेग्राम खडीपुर (हाल करौंदी) आवंटन आदेश दिनांक 13.02.1983 को निरस्त किये जाने हेतु राजस्थान कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम 1970 के नियम 14(4) के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर दायरा पंजिका क्रमांक 122/2024 पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर GCMS No.2024/186 ऑनलाईन इन्द्राज किया गया। प्रार्थना पत्र के संलग्न हल्का पटवारी, भू.अभिलेख निरीक्षक एव नायब तहसीलदार डाबी की संयुक्त रिपोर्ट अनुसार शंकर पुत्र देवा बैरवा की मृत्यु हो चुकी है एवं मौतबिरानों से उसके वारिसान की स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से आवंटी का फोती नामान्तरकरण दर्ज करने की कार्यवाही नहीं हो पायी है। ऐसी स्थिति में अप्रार्थी के विधिक वारिसान की सुनवाई किया जाना संभव नहीं होने से प्रकरण में एकपक्षीय सुनवाई की गई।

जिला कलेक्टर, बून्दी

तत्पश्चात बहस पेरोकार सरकार सुनी गयी।

पेरोकार सरकार ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुये तर्क प्रस्तुत किये गये कि मुताबिक रिपोर्ट हल्का पटवारी आवंटी तथा वारिसान का आवंटित भूमि पर कब्जा काश्त नहीं है। इस प्रकार आवंटी तथा वारिसान द्वारा आवंटन शर्तो की पालना नहीं किये जाने से प्रार्थी का प्रार्थनापत्र स्वीकार कर आवंटी के पक्ष में किया गया उक्त आवंटन निरस्त किया जाकर भूमि सिवायचक दर्ज रेकार्ड किये जाने का अनुरोध किया गया।

न्यायालय ने पत्रावली का अवलोकन किया एवं बहस पर मनन किया गया। जिससे प्रकट है कि शंकर पुत्र देवा जाति बैरवा निवासी पटियाल मजरा खडीपुर को दिनांक 13.02.1983 को भूमि खसरा सं. 103 रकबा 15 बीघा वाकेग्राम खडीपुर का आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा आवंटन शर्तो की पालना नहीं किये जाने से उक्त आवंटन निरस्त किये जाने हेतु तहसीलदार तालेडा द्वारा प्रकरण अन्तर्गत भूमि आवंटन नियम 14(4) पेश किया है। प्रार्थना पत्र के संलग्न हल्का पटवारी, भू.अभिलेख निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार डाबी की संयुक्त रिपोर्ट अनुसार आवंटी का उक्त भूमि पर कब्जा काश्त नहीं होकर अन्य व्यक्ति पप्पू पुत्र घासी जाति गुर्जर का कब्जा काश्त है। आवंटी शंकर पुत्र देवा जाति बैरवा की मृत्यु हो चुकी है एवं ग्रामवासियान् के अनुसार उसके विधिक वारिसान की स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से उक्त गैर खातेदार का फोती नामान्तरकरण दर्ज करने की कार्यवाही नहीं हो सकी है। आवंटी के वारिसान की जानकारी नहीं होने के कारण इस प्रकरण में भी मृतक अप्रार्थी के कायम मुकाम बनाये जाने की कार्यवाही नहीं की जा सकी। पत्रावली पर उपलब्ध ग्राम करोंदी की नकल जमाबंदी संवत 2076 के अनुसार भूमि खसरा सं. 1045/103 रकबा 2.4281 हैक्टेयर हैक्टेयर पर अप्रार्थी शंकर पुत्र देवा जाति बैरवा गैर खातेदार दर्ज रेकार्ड है। खसरा गिरदावरी रबी (उन्हालू) वर्ष 2024 संवत् 2080 के अनुसार उक्त भूमि पर फसल नहीं बोई जाकर ''पड़त'' पडी हुई है। इससे स्पष्ट है कि आवंटी तथा उसके वारिसान का आवंटित भूमि पर कब्जा काश्त नहीं है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम 1970 के नियम 14( 3 ) के अधीन यह शर्त है कि आवंटी को आवंटन के पश्चात आवंटित भूमि पर प्रथम वर्ष में 50 प्रतिशत भाग पर तथा शेष भाग पर द्वितीय वर्ष काश्त करना आवश्यक है। जबकि इस प्रकरण में आवंटी या उसके वारिस का आवंटित भूमि पर कब्जा काश्त नहीं होना, आवंटी का आवंटित भूमि पर 40 वर्षो तक गैर खातेदार दर्ज रेकार्ड रहना तथा आवंटी की मृत्यु के उपरान्त उसके विधिक वारिसान की जानकारी के अभाव में राजस्व रिकार्ड में उक्त भूमि मृतक व्यक्ति के नाम ही दर्ज रेकार्ड होना, भूमि पर अन्य व्यक्ति का कब्जा होना आदि तथ्यों से आवंटन की शर्तो का उल्लंघन होना प्रमाणित है। ऐसे में उक्त आवंटन खारिज किये जाने योग्य है।

जिला कलेक्टर, बून्दी

उपरोक्त विवेचन के आधार एवं विधिक प्रावधानों की अनुपालना में उक्त भूमि के आवंटन को अस्तित्व में रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। फलस्वरूप प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी शंकर पुत्र देवा जाति बैरवा निवासी पटियाल को किया गया भूमि आवंटन खसरा संख्या 103 रकबा 15 बीघा हाल खसरा संख्या 1045/103 रकबा 2.4281 हैक्टेयर हैक्टेयर वाकेग्राम खडीपुर (हाल ग्राम करौंदी) दिनांक 13.02.1983 निरस्त किया जाता है तथा तहसीलदार तालेडा को आदेश दिये जाते है कि उक्त भूमि को कब्जा राज लेकर राजस्व रेकार्ड में **सिवायचक** दर्ज करे। यदि वादग्रस्त भूमि पर बिना विधिक अधिकार के किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा पाया जावे, तो उनके विरूद्ध अतिकमी की हैसियत से बेदखली की कार्यवाही की जावे। पत्रावली फैसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर करवाई जावे।

आदेश आज दिनांक 27.11.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( अक्षय गोदारा )
जिला कलक्टर बून्दी